पो. रजि. नं. जयपुर सिटी/011/2021-2023, आरएनआई रजि नं. 48910/91 fb/seemasandesh1951 seemasandesh1951@gmail.com 0141-2700113 ■ जयपुर-श्रीगंगानगर (राज.) से एक साथ प्रकाशित ■ जोधपुर, कोटा, नागौर से प्रसारित



"मेहनत करने से दरिद्रता नहीं रहती, धर्म करने से पाप नहीं रहता, मौन रहने से कलह नहीं होता। - चाणक्य

1951 में स्थापित

सीमा सन्देश

ताकत किसान की, जवान की

संस्थापक स्व. श्री कमल नयन शर्मा

■ वर्ष : 33 ■ अंक : 178 ■ मूल्य : रु. 2.00 ■ पृष्ठ : 08 जयपुर, गुरुवार, 28 दिसम्बर, 2023 ऑनलाइन पढ़ें : epaper.seemasandesh.in 226 युवाओं ने अनिल... 5

आयोजन

नई दिल्ली में विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ जितेन्द्र सिंह द्वारा किया गया सम्मानित

डॉ. मर्सी लता व विशांत पुरस्कार 2022 से सम्मानित

पिलानी (सीमा सन्देश सं)। सीएसआईआर-सीरी के दो वैज्ञानिकों डॉ ए. मर्सीलता और डॉ विषांत को वर्ष 2022 के लिए वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद् (सीएसआईआर) के प्रतिष्ठित युवा वैज्ञानिक पुरकार से सम्मानित किया गया है।

सीरी के चेन्नै केंद्र में कार्यरत डॉ मर्सी लता को इंजीनियरिंग विज्ञान वर्ग में और पिलानी मुखालय में कार्यरत डॉ विषांत को भौतिक विज्ञान (इंस्टुमेन्टेशन सहित) वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए इस



पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला, नई दिल्ली के सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में केंद्रीय विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ जितेन्द्र सिंह के मुख्य आतिथ्य में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सीएसआईआर की महानिदेशक डॉ एन कलैसेल्वी सहित डीएसटी के पूर्व सचिव डॉ रामासामी, मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी एवं अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। डॉ मर्सीलता को यह सम्मान इंजीनियरिंग विज्ञान वर्ग में उनके द्वारा अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी अनुप्रयोगों के लिए अग्रणी, उच्च-शक्ति माइक्रोवेव उपकरणों और उच्च आवृत्ति (टेराहट्र्ज) प्रणाली के क्षेत्र में उत्कृष्ट शोध कार्यों के लिए और डॉ विषांत को ह्यभौतिक विज्ञान (इंस्टुमेन्टेशन सहित) वर्ग में ह्यजायरोट्रॉन और सब-टेराहट्र्ज विकिरण स्रोत के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट शोध कार्यों के लिए प्रदान किया गया है। डॉ मर्सी लता एवं डॉ विषांत को उनके द्वारा विगत पाँच वर्षों के दौरान मुख्य रूप से भारत में किए गए शोध कार्य के लिए प्रदान किया गया है।

डॉ पी सी पंचारिया निदेशक, सीएसआईआर-सीरी सहित संस्थान के सभी कार्मिकों ने दोनों वैज्ञानिकों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है। वर्ष 1987 में आरंभ किया गया सीएसआईआर का यह प्रतिष्ठित पुरस्कार विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के विभिन्न क्षेत्रों जैसे जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान, पृथ्वी, वायुमंडल, महासागर एवं ग्रहीय विज्ञान, अभियांत्रिकी विज्ञान एवं भौतिक विज्ञान (इंस्टुमेन्टेशन सहित) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले वैज्ञानिकों को प्रदान किया जाता है।